>

Title: Need to undertake reconstruction of bridge on Chambal river in Kota Parliamentary constituency, Rajasthan and also provide necessary funds for the purpose.

**श्री इज्यराज सिंह (कोटा):** मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा राजस्थान अंतर्गत बहने वाली चंबल नदी पर कुछ साल पूर्व बिना खम्बे का आधुनिक ढंग से पुल बन रहा था। शहर में बायपास बनाकर बायपास को इस चंबल पुल से जोड़ने का कार्य प्रस्तावित था जिससे कोटा शहर में बाहर से आने वाला यातायात जो कोटा शहर के बीच में होकर जाता हे। उस यातायात को बायपास से होकर पुल पर ले जाना था जिससे कोटा शहर में होने वाले जाम और रोजाना होने वाले एक्सीडेंट को रोका जा सके परंतु कुछ वर्ष पूर्व इस चंबल नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा टूटकर चंबल नदी में गिर गया जिसमें कई लोग मारे गये तब से अभी तक पुल का पुनर्निर्माण कार्य नहीं हुआ है और न इसके पुनर्निर्माण हेतु फंड को व्यवस्था की गयी। आज इस पुल को स्थानीय निवासियों द्वारा हेन्गींग ब्रिज कहकर पुकारा जाता है। शहर का बायपास बनकर तैयार हो चुका है परंतु इस पुल के न बनने से कोटा शहर के बाहर का यातायात शहर के बीच में होकर जाता है जिससे जाम एवं रोजाना एक्सीडेंट की समस्या बनी हुई है।

सरकार से अनुरोध है कि केन्द्र द्वारा इस पुल का पुनर्निर्माण शीघ्र किया जाये एवं इसके लिए आवश्यक फंड की व्यवस्था की जाये। इस पुल के गिरने से जो नुकसान सरकार का हुआ है उसकी भरपाई पुल निर्माण करने वाली उन कंपनियों से लिया जाना चाहिए जिनके कार्यों से चंबल पुल का एक हिस्सा गिरा है।